आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 21.09.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल गुजरात से कार निकोबार में मूस सीवॉल निर्माण परियोजना की आधारशिला रखी।
- दक्षिण अंडमान जिले की जिला योजना समिति की तीन दिवसीय बैठक कल से आयोजित की जाएगी।
- 'दसवें आयुर्वेद दिवस' के अवसर पर आयुष शाखा ने आयुर्वेद–आधारित स्वास्थ्य वार्ता और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया।
- द्वीपसमूह में तेज हवा के साथ भारी वर्षा होने की चेतावनी।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल गुजरात के भावनगर से कार निकोबार में बहुप्रतीक्षित मूस सीवॉल निर्माण परियोजना की आधारशिला रखी। इस अवसर पर कार निकोबार के मूस में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सांसद बिष्णु पद रे, वरिष्ठ जिला अधिकारी, कार निकोबार जिला उपायुक्त अमित काले, पुलिस अधीक्षक राहुल नायर, जनजातीय परिषद के सचिव मार्टिन लूथर सहित जनजातीय परिषद के प्रतिनिधि, ग्राम प्रधान, अधिकारी, छात्र और स्थानीय निवासियों ने भाग लिया। इस अवसर पर अंडमान लक्षद्वीप बंदरगाह निर्माण कार्य की उप मुख्य अभियंता ममता जिजिथ ने परियोजना पर विस्तृत तकनीकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मूस सीवॉल चार सौ पचास मीटर लंबी होगी और इसके निर्माण पर अनुमानित सैंतालीस करोड़ रुपये खर्च होंगे। सांसद ने इस परियोजना को "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" के दृष्टिकोण का सच्चा प्रतिबिंब बताया। इस सीवॉल परियोजना के बन जाने से तटीय गाँवों को दीर्घकालिक सुरक्षा, सार्वजनिक बुनियादी ढाँचे को बार–बार होने वाले नुकसान को रोकने, मछली पकड़ने, कृषि और अन्य आजीविकाओं की रक्षा हो सकेगी। मूस सीवॉल परियोजना समावेशी विकास, तटीय संरक्षण और द्वीपीय समुदायों के कल्याण के प्रति भारत सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अपने संबोधन में कर ढांचे को सरल बनाने और नागरिकों पर वित्तीय बोझ कम करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों की घोषणा की थी। नई जीएसटी दरें सोमवार से लागू होंगी। आज हम इलेक्ट्रॉनिक्स और सौर उपकरणों पर इन सुधारों के प्रभाव पर एक नज़र डाल रहे हैं।

बाईट– सौम्या जी एस टी–1 मि0 10 से0

<><><><><><><>

उपभोक्ता कार्य विभाग ने अगली पीढ़ी के वस्तु और सेवा कर सुधारों के तहत राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन पर जीएसटी शिकायत निवारण की सुविधा शुरू की है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा कि सोमवार से प्रभावी संशोधित जीएसटी दर और छूट लागू होने के बाद उपभोक्ताओं की संभावित शिकायतों के समाधान के लिए एकीकृत शिकायत निवारण तंत्र–आई एन जी आर

एम पोर्टल पर एक नई सुविधा शुरू की गई है। मंत्रालय ने कहा कि उपभोक्ता टोल–फ्री नंबर एक नौ एक पांच पर सत्रह भाषाओं में अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिले की जिला योजना समिति की तीन दिवसीय बैठक कल से आयोजित की जाएगी। दक्षिण अंडमान जिला परिषद अध्यक्ष प्रकाश अधिकारी की अध्यक्षता में यह बैठक दक्षिण अंडमान जिला परिषद के सम्मेलन कक्ष में आयोजित होगी। चौबीस सितम्बर तक चलने वाले इस बैठक में जिला योजना समिति के सदस्य, विशेष आमंत्रित सदस्य और प्रशासन के अंतर्गत आने वाले योजना कार्यान्वयन विभागों के प्रमुख भाग लेंगे। बैठक में सभी सरकारी विभागों के दो हजार छब्बीस से उनतीस तक के तीन वर्षीय वार्षिक कार्य योजना और दो हजार पच्चीस–छब्बीस की अनुपूरक कार्य योजना के प्रस्तावों पर विचार–विमर्श किया जाएगा। कल होने वाली बैठक में स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास विभाग, बिजली, कृषि, लोक निर्माण विभाग, जहाजरानी, पोत प्रबंधन बोर्ड, उद्योग, पशुपालन और पशुचिकित्सा विभाग और श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद भाग लेंगे।

<><><><><><>

स्वास्थ्य सेवा निदेशालय की आयुष शाखा ने 'दसवें आयुर्वेद दिवस' के तहत, 'आयुर्वेद लोगों और ग्रह के लिए' है, विषय पर अंडमान कॉलेज में कल आयुर्वेद–आधारित स्वास्थ्य वार्ता और एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और संकाय सदस्यों के बीच निवारक स्वास्थ्य सेवा और समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में आयुर्वेद के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान करना था। सत्र के दौरान चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंजू जयन ने एक स्वस्थ जीवन शैली, आहार और दैनिक दिनचर्या, मौसमी देखभाल प्रथाओं और सामान्य बीमारियों के लिए घरेलू उपचारों में आयुर्वेद की भूमिका पर प्रकाश डाला। डॉ. मीना वी. नाटकर, ने आयुर्वेदिक दवाओं में दवा सुरक्षा के बारे में बताया। स्वास्थ्य शिविर में कुल अड़तीस लाभार्थियों की जाँच कर उन्हें परामर्श और दवाएँ प्रदान की गईं।

<><><><><><>

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्कूलों में सफाई मित्रों के साथ सफाई अभियान चलाया। स्वच्छता जागरूकता दल ने प्रतिभागियों को कचरे को अलग–अलग करने, कचरे के उचित निपटान और अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ और सुरक्षित रखने के महत्व के बारे में जानकारी दी। छात्रों और कर्मचारियों ने स्कूल परिसर और आस–पास के क्षेत्रों की सफाई की। इसके अलावा राष्ट्रीय स्मारक सेल्यूलर जेल और वीर सावरकर पार्क में भी स्वच्छता अभियान चलाया गया। श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के सफाई मित्रों के सहयोग से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अलावा अन्य संस्थानों में भी स्वच्छता अभियान चलाया गया।

<><><><><><>

अंडमान द्वीपसमूह में एकाध स्थानों पर आज तेज हवा के साथ भारी वर्षा होने की संभावना जताई गई है। अगले पांच दिनों के मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपसमूह के एक या दो स्थानों पर भारी वर्षा हो सकती है। इस दौरान हवा की गति चालीस से पचास किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से होगी, जिसके बढ़कर पचपन किलोमीटर प्रतिघंटे तक होने की संभावना है। समुद्र काफी अशांत रहेगा। मछुआरों को चौबीस सितम्बर तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><>

इक्याहत्तरवें वन्यजीव सप्ताह के अंतर्गत, पर्यावरण एवं वन विभाग के वन्यजीव प्रभाग की ओर से विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन किए जाएंगे। इसमें वन्यजीव फोटोग्राफी, पेंटिंग और पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता शामिल है। इच्छुक प्रतिभागी अपनी प्रविष्टियाँ चार अक्तूबर तक डाक या कूरियर के माध्यम से किसी भी कार्यदिवस में रेंज अधिकारी के पते पर सुबह नौ बजे से दोपहर एक बजे के बीच जमा कर सकते हैं। प्रतिभागियों को पत्राचार के लिए एक सादे कागज पर अपना नाम, पता, संपर्क नंबर और ईमेल आई डी अलग से देना होगा।

<><><><><><><>